आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. द्वीपसमूह के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा ने बारटांग में स्टोरेज गोदाम और ऑफिस–सह–निवास के निर्माण को मंजूरी प्रदान की।
2. केंद्र सरकार ने कैंसर रोधी दवाओं पर लाभ को अधिकतम खुदरा मूल्य के 30 प्रतिशत तक सीमित करने का निर्णय लिया है।
3. जीबी पंत अस्पताल में विशेषज्ञ सेवाओं के लिए ऑनलाइन परामर्श सुविधा शुरू की गई है।
4. क्लासिकल स्वाइन फीवर के पुष्टि होने के बाद पशुपालन विभाग की ओर से टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा ने बारटांग में 150 मीट्रिक टन क्षमता के स्टोरेज गोदाम और ऑफिस–सह–निवास के निर्माण के लिए नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 2.39 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के पूरा होने पर बारटांग और कदमतला क्षेत्रों में उचित मूल्य की दुकानों को राशन सामग्री की समय पर और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। दूरदराज के द्वीपीय क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में इस पहल को एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए, उपराज्यपाल ने कहा कि प्रशासन सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी, विश्वसनीय और मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><><>

द्वीपों के विभिन्न निर्वाचित क्षेत्रों के प्रतिनिधियों और प्रतिनिधिमंडलों ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अपने–अपने क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और चल रहे व प्रस्तावित विकास कार्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा की। इसी क्रम में मध्योत्तर अंडमान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष ए. एफ. राजन ने भी उपराज्यपाल से मुलाकात कर क्षेत्र में पर्यटन और उद्योग को बढ़ावा देने पर चर्चा की।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने कैंसर रोधी दवाओं पर लाभ को अधिकतम खुदरा मूल्य के 30 प्रतिशत तक सीमित करने का निर्णय लिया है। केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय को इसकी जानकारी दी। न्यायालय ने दवा क्षेत्र में दवाओं की कीमतों की व्यापक समीक्षा करने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने खुदरा विक्रेताओं को आपूर्ति की जाने वाली दवाओं की कीमत और उन पर छपे एमआरपी के बीच भारी अंतर पर कई बार सवाल उठाया और इससे मरीजों पर वित्तीय बोझ पर चिंता व्यक्त की और एक प्रभावी नियामक ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><><>

निपुण भारत मिशन के तहत डॉ. एस. राधाकृष्णन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गाराचारमा में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता मेंटर्स के लिए पांच दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कल गर्ल्स स्कूल में आयोजित उद्घाटन समारोह में स्कूल की प्रधानाचार्या अर्चना सिंह ने भविष्य की शिक्षा के लिए एक मजबूत नींव रखने में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में द्वीप समूह के सभी नौ शैक्षणिक अंचल क्षेत्रों से कुल 124 प्राथमिक विद्यालय शिक्षक भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

नियमित रखरखाव का कार्य किए जाने के कारण पैंथर्स–I और पैंथर्स–II से सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। इस अवधि के दौरान, रखरखाव कार्य को

सुरक्षित रूप से निष्पादित करने की सुविधा के लिए संबंधित टाई लाइनों के माध्यम से बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। यह कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर है।

<><><><><><><>

जीबी पंत अस्पताल, ने द्वीपसमूह के दूरदराज के द्वीपों में रहने वाले मरीजों को अस्पताल में विशेषज्ञ परामर्श और उपचार सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने के लिए ऑनलाइन परामर्श समय सुविधा शुरू की है। इस सुविधा के माध्यम से, मरीज ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के पोर्टल पर क्यूआर कोड को स्कैन करके ऑनलाइन ओपीडी अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं। इस सुविधा की शुरुआत से लेकर अब तक, 142 मरीज जीबी पंत अस्पताल में इलाज का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करा चुके हैं। जिन मरीजों ने अपना अपॉइंटमेंट ऑनलाइन बुक किया है, वे सहायता के लिए काउंटर नंबर 1 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कार निकोबार में क्लासिकल स्वाइन फीवर के पुष्टि होने के बाद श्री विजयपुरम के कुछ हिस्सों से भी सूअरों की मौत की खबरें सामने आई हैं। अक्टूबर के पहले सप्ताह में बीमारी की पुष्टि होने के बाद से ही विभाग ने इसके प्रसार को नियंत्रित करने और रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं, जिसके संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है। विभाग ने सभी सूअर पालकों और किसानों से जैव–सुरक्षा उपायों को अपनाने और किसी भी संदिग्ध मामले की सूचना तुरंत निकटतम पशु चिकित्सा संस्थान को देने को कहा है। इस संबंध में भारत सरकार के वरिष्ठ स्तर के अधिकारी ने द्वीपों का दौरा किया और स्थिति का आकलन करने के बाद, तत्काल टीकाकरण की सिफारिश की। विभाग ने दक्षिण अंडमान और निकोबार जिलों में टीकाकरण के लिए एक कार्य योजना तैयार की है। टीके दक्षिण अंडमान और निकोबार जिलों के सभी संस्थानों में वितरित किए जाएंगे। टीकाकरण अभियान का विवरण राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के तहत 'भारत पशुधन पोर्टल' पर अपलोड किया जाएगा।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत सिप्पीघाट में कल स्थानीय महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और समुदाय के सदस्यों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 15 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन समारोह में ग्राम पंचायत सिप्पीघाट की प्रधान ज्योति राज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रधान और उद्योग विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में माई भारत की ओर से 'नशा मुक्त युवा' विषय पर नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट 2026–27 का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 60 युवाओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में दक्षिण अंडमान के IRCA के चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम. के. महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रतिभागियों को मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों, जागरूकता के महत्व, स्वस्थ जीवन शैली और युवा–नेतृत्व वाले सामुदायिक कार्यों के बारे में अपने विचार साझा किए। संवादात्मक सत्र के दौरान युवाओं ने भी नशा मुक्त भारत पर अपने विचार रखे। डॉ. एम. के. महतो ने प्रतिभागियों के सवालों के जवाब देते हुए युवाओं को एक नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया ।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा खंड परियोजना कार्यालय, ननकौड़ी की ओर से हाल ही में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए ब्लॉक स्तरीय समावेशी खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किए गए।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स और **द्वीप समाचार ने** अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा कल भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करने के समाचार को प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने उप–राज्यपाल द्वारा नए ईंधन पोत परिवहन के उद्घाटन के समाचार को प्रकाशित किया है। **इंफो इंडिया** ने एपीडब्लूडी द्वारा

पानी के किफायती उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के समाचार को, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने द्वीपसमूह ने खिलाड़ियों, को कश्मीर मैराथन में आमंत्रित करने के समाचार को भीतर के पृष्ठ में जगह दी है।

<><><><><><><><>